>

Title: Need to bring out population control laws in the country.

श्री संजय सेठ (राँची) : सभापति महोदय, धन्यवाद । देश में बढ़ती जनसंख्या और सीमित होते प्राकृतिक संसाधन हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय है । चाहे पानी की बात हो, पर्यावरण की बात हो, चाहे अन्य प्राकृतिक संसाधनों की बात हो, निश्चित रूप से बढ़ती हुई जनसंख्या एक बड़ी समस्या खड़ी कर रही है । आज भारत की जनसंख्या 130 करोड़ से अधिक हो चुकी है । सरकारों ने जागरुकता अभियान चलाया, जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को समझाया, जनसंख्या नियंत्रण की मुहिम से जोड़ने की कोशिश की, किंतु इसका देश में कोई सार्थक परिणाम देखने को नहीं मिलता है । जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है । जब हम हर क्षेत्र के विकास की बात कर रहे हैं, उसमें शिक्षा हो, रोजगार हो, व्यवसाय हो, स्वास्थ्य सुविधाएं हों, सबके रहने के लिए आवास हों, इन सबकी चिंता करते हुए, हमको कहीं न कहीं यह दिखता है कि आज से दो-तीन दशक के बाद हमारे सामने एक बहुत विकराल समस्या आ जाएगी ।

महोदय, जरूरत इस बात की है कि सरकार इस देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाए और सख्ती से लागू करे । उन्हें तमाम सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाए, चुनाव लड़ने से रोका जाए, वोट देने का अधिकार ले लिया जाए । अब ‘हम दो, हमारे दो’ का स्लोगन रखने का समय नहीं है, बल्कि इसे सख्ती से लागू करने का समय है । देश बोल रहा है – ‘मोदी है, तो मुमकिन है ।’